जिला शुल्क नियामक समिति की बैठक में डीएम ने दिए निर्देश

शुल्क वृद्धि में मनमानी न करें निजी विद्यालय

सख्ती

अलीगढ़, वरिष्ठ संवाददाता। शुक्रवार को आयोजित जिला शुल्क नियामक समिति की बैठक में डीएम संजीव रंजन ने स्पष्ट निर्देश दिए कि कोई भी निजी विद्यालय मनमाने ढंग से शुल्क में वृद्धि नहीं करेगा। विद्यालयों को शुल्क का विवरण अपनी वेबसाइट पर अपलोड करना होगा। शुल्क संबंधी शिकायत मिलने पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए।

डीएम ने निर्देशित किया कि सभी विद्यालय प्रबंधक शुल्क निर्धारण समिति का गठन करें। उसकी बैठक का विवरण, अनुमोदन पत्र व शुल्क संरचना वेबसाइट पर अनिवार्य रूप से अपलोड करें। उन्होंने कहा कि छात्रों को बिना किसी आर्थिक दबाव के गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना शासन की प्राथमिकता है। डीआईओएस सर्वदानंद ने बताया कि अब तक किसी भी विद्यालय ने शुल्क वृद्धि की सूचना नहीं दी है, न ही इसे वेबसाइट पर अपलोड किया गया है। उन्होंने सभी विद्यालयों को वेबसाइट जारी करने के भी निर्देश दिए। साथ ही, यह स्पष्ट किया कि कोई विद्यालय प्रतिवर्ष स्कूल ड्रेस नहीं बदल सकता। यह केवल पांच वर्षों में समिति की अनुमति से ही संभव होगा।

कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला शुल्क नियामक समिति की बैठक को संबोधित करते डीएम संजीव रंजन। ● हिन्दुस्तान

अभिभावकों पर नहीं डाला जाए दबाव

बैठक में निर्णय लिया गया कि पुस्तकें, बैग व ड्रेस किसी निश्चित दुकान से खरीदने के लिए अभिभावकों पर दबाव नहीं डाला जाएगा। स्कूली वाहनों की फिटनेस, पुलिस सत्यापन और शिक्षकों की उपस्थिति अनिवार्य होगी।

> जिलाधिकारी को शुल्क नियामक समिति के बैठक स्कूल सत्र शुरू होने से पहले करनी चाहिए थी। नई शिक्षा नीति में पांच फीसदी तक शुल्क बढ़ाने का प्रावधान किया गया है। इससे अधिक किसी स्कूल ने फीस बढ़ाई है तो उसे वापस करनी होगी।
>
> **प्रवीण अग्रवाल,** अध्यक्ष स्कूल डेवलपमेंट एसोसिएशन

ट्रेन के आगे कूद युवक ने दी जान

अलीगढ़। भदेसी फाटक के पास शुक्रवार को ट्रेन के आगे कूदकर युवक ने आत्महत्या कर ली।

सासनीगेट थाना क्षेत्र के मोहल्ला पला निवासी तन्नू (22) पुत्र वासुदेव मजदूरी करता था।परिजनों के अनुसार शुक्रवार की सुबह वह घर से निकला था। दोपहर में भदेसी के पास रेलवे ट्रैक पर शव पड़ा मिला। पुलिस ने जेब में मिले कागजातों के आधार पर संपर्क किया तो परिजन आ गए। परिजनों ने शव की शिनाख्त तन्नू के रूप में कर ली। परिजन हादसा मान रहे हैं। थाना प्रभारी एसपी सिंह के अनुसार प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। मामले की जांच की जा रही है।

हादसे में घायल युवक की मौत

अलीगढ़। सड़क हादसे में घायल युवक की शुक्रवार को मौत हो गई।

मूलरूप से हरदुआगंज थाना क्षेत्र के गांव खिटकारी निवासी प्रताप सिंह वर्तमान में धनीपुर में किराए पर कमरा लेकर परिवार संग रह रहा था। परिजनों के अनुसार दो दिन पहले वह किसी काम से अकराबाद के गोपी गया था। वापस लौटते समय अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। मेडिकल कालेज में शुक्रवार को उपचार के दौरान प्रताप सिंह की मौत हो गई।

₹500 के लिए हुई हत्या में उम्रकैद

अदालत से

- पांच साल पहले हुई थी घटना
- एडीजे 14 की कोर्ट ने सुनाया फैसला

अलीगढ़, वरिष्ठ संवाददाता। सिविल लाइन क्षेत्र में पांच साल पहले 500 रुपये के लिए दुकानदार की गोली मारकर हत्या के मामले में एडीजे 14 अमित कुमार तिवारी की अदालत ने दोषी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है।

एडीजीसी रविकांत शर्मा व हर्षवर्द्धन सिंह ने बताया कि जमालपुर निवासी अबरार अहमद ने 28 नवंबर 2020 को मुकदमा दर्ज कराया था। इसमें कहा था कि उनके भाई अंसार अहमद उर्फ ठेकेदार की सुलेमान हॉल के सामने शाही अंपायर मार्केट में टायर पंचर व नए-पुराने टायर बिक्री की दुकान थी। दुकान के सामने ढकेल पर बीड़ी सिगरेट बेचने वाला मोहल्ला कोठी आफताब मंजिल निवासी आसिफ 500 रुपये उधार मांगने लगा। अंसार ने उसकी गलत आदतों को देखते हुए रुपये देने से मना कर दिया। फिर शाम को आसिफ बाइक मांगने आया। मना करने पर वह धमकी देते हुए चला गया। कुछ देर बाद अंसार दुकान बंद करने की तैयारी कर रहे थे, तभी आसिफ आया और उसने पिस्टल से अंसार के सिर में गोली मार दी। उसकी मेडिकल कॉलेज में मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। उसके खिलाफ चार्जशीट दाखिल की गई। साक्ष्यों व चश्मदीदों की गवाहों के आधार पर आसिफ को हत्या का दोषी करार देते हुए फैसला सुनाया है।

ST. FIDELIS SCHOOL
Tala Nagari, Aligarh (U.P.) 202 001
Phone No. : (0571) - 2780092, 9105111141
www.stfidelisaligarh.org, E-mail: stfidelisalg@gmail.com
Wanted
Application are invited from the eligible candidates for the following posts.
- PGT - Computer Science, Physics, English
- TGT - Biology
- PRE- Primary Teacher
- Electrician(ITI Qualified)

The interested candidates may submit the rusume with handwritten application to the Sr. Wing office at Talanagri latest by 8th MAY 2025.
Thanks you ! PRINCIPAL

थाने की फर्जी रिपोर्ट से कराया कोर्ट का आदेश, तीन पर केस

अलीगढ़, वरिष्ठ संवाददाता। क्वार्सी क्षेत्र में संपत्ति को लेकर विवाद के एक मामले में अदालत से मुकदमे का आदेश कराने वाले पक्ष ने बड़ा खेल कर डाला। आरोपी ने थाने की फर्जी रिपोर्ट बनाकर अदालत को गुमराह किया। आरटीआई दायर होने के बाद पुलिस की जांच में यह सामने आने पर अब तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

हरिओम नगर निवासी राजकुमार गोयल की याचिका पर अदालत ने 18 मार्च को गांधीपार्क क्षेत्र के मामू भांजा निवासी हरीशंकर मित्तल के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के आदेश हुए थे। इस पर हरीशंकर की ओर से आदेश के खिलाफ सत्र न्यायालय में रिवीजन दायर किया गया। इसके अलावा पूरी प्रक्रिया के संबंध में जानकारी की। पता चला कि 10 मार्च को अदालत में अर्जी डाली गई और अगले ही दिन थाना पुलिस की रिपोर्ट भी लगा दी गई। इसमें थाने की मोहर व प्रभारी के हस्ताक्षर के साथ यह उल्लेख किया गया कि कोई मुकदमा थाने में दर्ज या लंबित नहीं है। पेशकार तक को भनक नहीं लगी। इसे लेकर उन्होंने आरटीआई डाली। इसमें क्वार्सी थाना प्रभारी की ओर से जवाब दिया गया कि इस तारीख पर कोई रिपोर्ट नहीं दी गई थी। इस पर एसपी सिटी स्तर से जांच कराई गई। इसमें सामने आया कि राजकुमार गोयल, उसके भाई योगेश गोयल व उनकी पत्नी वर्षा गोयल ने फर्जी रिपोर्ट लगाई थी। कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर कोर्ट को गुमराह किया था। संपत्ति विवाद में लाभ प्राप्त करने के लिए ऐसा किया। इस पर तीनों के खिलाफ फर्जीवाड़ा का मुकदमा दर्ज किया गया है। सीओ तृतीय अभय पांडेय ने बताया कि मुकदमा दर्ज किया गया है। जांच की जा रही है।

> मेरी उम्र 85 साल है। ये सभी लोग मेरी कीमती जमीन हड़पना चाहते हैं। डर है ये लोग मेरे साथ कोई अप्रिय घटना भी कर सकते हैं। मुझे प्रशासन से न्याय मिलने का पूरा भरोसा है।
>
> **हरिशंकर मित्तल,** मामू भांजा

छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर
(पूर्ववर्ती कानपुर विश्वविद्यालय, कानपुर)
Advt.No.:CSJMU/Gen.Admin/359/Reg.Teacher/2025 Date : 01.05.2025
Advt.No.:CSJMU/Gen.Admin/360/SFS-Teaching/2025 Date : 01.05.2025
Advt.No.:CSJMU/Gen.Admin/361/SFS-Non-Teaching/2025 Date : 01.05.2025
नियुक्ति–सूचना
विश्वविद्यालय के विभिन्न स्कूल ऑफ स्टडीज/विभागों में अनुदानित एवं स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों में शिक्षकों की नियमित/संविदात्मक तथा स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत आई.आर.ए.सी. सेल के समन्वयक पद की नियुक्ति हेतु दिनांक 02.05.2025 से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदन की अन्तिम तिथि 31.05.2025 है। इस विज्ञापन से सम्बन्धित सभी विवरण, शुद्धिपत्र एवं अद्यतन सूचनाएं विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.csjmu.ac.in के Recruitment Tab के अन्तर्गत उपलब्ध हैं।
कुलसचिव

विदेश में नौकरी पाने के लिए
md Job
अपने मोबाइल में प्लेस्टोर से डाउनलोड करें...
www.mdjob.in

हिस्ट्रीशीटर को गोली मारने में जेल भेजा गया भाजयुमो मंडल अध्यक्ष यश।

गोली मारने में भाजयुमो के मंडल अध्यक्ष को भेजा जेल

फॉलोअप

अलीगढ़, वरिष्ठ संवाददाता। गांधीपार्क क्षेत्र के दुबे के पड़ाव पर रंजिश में हिस्ट्रीशीटर को गोली मारने के मामले में पुलिस ने आरोपी भाजयुमो के मंडल अध्यक्ष को जेल भेज दिया।

गांधीपार्क क्षेत्र के नौरंगाबाद छावनी गली नंबर छह निवासी शिवम पुत्र श्याम शीशियापाड़ा स्थित लैब से रिपोर्ट लेने निकला था। दुबे के पड़ाव पर उसे गोली मार दी गई। मामले में उसके भाई अंकुश ने मुकदमा दर्ज कराया है। इसमें कहा है कि दुबे के पड़ाव धोबी वाली गली पर पीछे से बाइक पर बारहद्वारी पत्थर बाजार निवासी यश गोयल व धनीपुर मंडी निवासी अनुराग आए और आवाज देकर शिवम को रोका। जातिसूचक गालियां देते हुए मारपीट शुरू कर दी। विरोध किया तो अनुराग के कहने पर यश ने तमंचे से गोली मार दी। वहीं, भाजयुमो में महावीरगंज मंडल अध्यक्ष यश का कहना था कि वह आढ़त से साढ़े चार लाख रुपये लेकर घर लौट रहा था। रास्ते में उसके रुपये लूट लिए गए। फायरिंग की गई।

दूसरे आरोपी की तलाश

इंस्पेक्टर गांधीपार्क एसपी सिंह ने बताया कि यश व अनुराग के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। यश को जेल भेज दिया है। उसके पास से तमंचा भी बरामद हुआ है। दूसरे आरोपी की तलाश में टीमें लगी हैं।

GALGOTIAS UNIVERSITY
NOW RANKED AMONGST THE WORLD'S BEST
TOP RANKED IN QS ASIA
& THE WORLD UNIVERSITY RANKINGS 2025
QS World University Rankings: Galgotias University 187 Southern Asia; Galgotias University 621-640 ASIA 2025
THE World University Rankings 2025: 45th Among Top Indian Universities - both Govt. & Private in 1000-1200 Band - Worldwide
AI led Active Learning Campus
IN CONSULTANCY COLLABORATION WITH
InsPIRE at NANYANG TECHNOLOGICAL UNIVERSITY SINGAPORE
SCHOOL OF AGRICULTURE
Under Graduate Program
- B.Sc (Hons.) Agriculture

Post Graduate Programs
- M.Sc (Agriculture) Agronomy
- M.Sc (Agriculture) Entomology
- M.Sc (Agriculture) Soil Science
- M.Sc (Hort.) Fruit Science
- MBA (Agribusiness Management)
- MBA (Agribusiness Management) in association with SABM (New)

GALGOTIAS UNIVERSITY
(Under the Uttar Pradesh Private Universities Act No.12 of 2019)
#GetYourSelfPlaced
For the complete list of programmes offered and to apply online visit
2025-26 SESSION ADMISSION OPEN
www.galgotiasuniversity.edu.in
+91 9582847072 / +91 9717300418
+91 9810162221 / +91 120 4370000

अभिनेत्री, मिस वर्ल्ड, समाज सेविका
मानुषी छिल्लर
विशाल के लेटेस्ट फैशन में
"विशाल मेगा मार्ट के फैशन की मैं फैन हूँ. पर विशाल से मेरा रिश्ता और भी गहरा हुआ हमारी एक जैसी सोच की वजह से – अच्छा दिखने के लिए अच्छा करना भी ज़रूरी है."
क्रॉप्ड टॉप ₹399
फ्रेड जींस ₹999
सबसे बड़े फैशन ऑफ़र्स
टी–शर्ट ₹199 खरीदें 3 पायें ₹80 छूट
कुर्ता ₹799 खरीदें 2 पायें ₹250 छूट
ड्रेस ₹499 खरीदें 2 पायें ₹100 छूट
जींस ₹799 खरीदें 2 पायें ₹250 छूट
मेंस शर्ट ₹599 खरीदें 2 पायें ₹200 छूट
VISHAL MEGA MART